**खबर संक्षेप**

### सड़क सुरक्षाः जीवन सुरक्षित करना करना हमारा दायित्व



**सतना।** सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में सतना में रोड सेफ्टी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की और कहा कि हर घंटे 25 से 50 लोगों की जान जा रही है। न्यायमूर्ति सप्रे ने इस स्थिति को गंभीरता से लेने और सड़क सुरक्षा पर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूत करने,ब्लैक स्पॉट्स में सुधार करने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए समयबद्ध कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए,और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और सीट बेल्ट के उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ओवर-स्पीडिंग,लंबी ड्राइविंग,सीट बेल्ट नहीं पहनना और हेलमेट नहीं पहनना दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं।

### खेलों से एकाग्रता और टीम भावना का सृजनः आईजी



**सतना।** शहर के दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 के तीसरे चरण का भव्य शुभारंभ हुआ। रीवा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि खेलों का मुख्य उद्देश्य एकाग्रता,मन की स्थिरता और टीम भावना का सृजन करना है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह महोत्सव उनके सपनों को पूरा करने का एक प्रयास है।सांसद और आयोजक गणेश सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की सभी लोकसभा क्षेत्रों में खेल आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 8,000 से अधिक खिलाड़ियों ने 11 तरह के खेलों में पंजीकरण कराया है। सांसद सिंह ने जोर दिया कि खेल एक ऐसी विधा है जो हमें स्वस्थ रखती है और इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करना है।

### एंकर श्रेया शर्मा 'भारत आईकोनिक अचीवर्स अवॉर्ड 2025' से सम्मानित



**सतना।** मशहूर सेलिब्रिटी एंकर श्रेया शर्मा को हाल ही में मुम्बई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 'भारत आईकोनिक अचीवर्स अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान पूर्व सांसद संजय निरुपम के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर इनकम टैक्स कमिश्नर (पुणे) अजय केसरी,डॉ.कुमार राकेश (एडिटोरियल चेयरमैन,ग्लोबल गवर्नेंस न्यूज़) और सुनील कुमार (डायरेक्टर,भारत आईकोनिक अचीवर्स अवार्ड) सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद थीं। सतना के एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा की बेटी श्रेया शर्मा देश भर में अपनी श्रेष्ठ एंकरिंग के लिए जानी जाती हैं। उन्हें यह सम्मान इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है,जिससे उन्होंने विंध्य और सतना का नाम रोशन किया है।

### श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने पूर्व विधायक स्व.शंकरलाल तिवारी को श्रद्धांजलि दी



**सतना।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान पूर्व विधायक स्व.शंकरलाल तिवारी के निज निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंत्री श्री पटेल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर उनके पुत्र राजनारायण तिवारी, आशीष नारायण तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## डीआरएम ने लिया रेलवे स्टेशन का जायजा

# 'गति शक्ति' के काम में तेजी लाने का दिया अल्टीमेटम



### पुराने मंदिर को छोड़ बाकी मंदिरों को हटाने का सख्त निर्देश!

**सतना।**

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कमल कुमार तलरेजा ने शनिवार को एक विशेष ट्रेन से सतना पहुँचकर स्टेशन की व्यवस्थाओं और 'गति शक्ति' योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण किया। वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की परियोजना में हो रही देरी पर उन्होंने अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई और कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया।

**निर्माण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीआरएम**

डीआरएम तलरेजा ने कोलकाता से सतना जंक्शन पहुँचकर 'गति शक्ति' का कार्य करा रही एजेंसी के चेयरमैन,सीपीएम और डीपीएम से सीधे चर्चा की। उन्होंने दो-टूक कहा कि प्रोजेक्ट का काम तत्काल तेज किया जाए। निरीक्षण के दौरान,उन्होंने स्टेशन पर लिफ्ट के बगल में आरसीसी रोड बनाने का निर्देश दिया,ताकि निर्माण कार्यों को गति मिले।

**यात्रियों की सुविधा के लिए 'बाधा' बने मंदिर होंगे स्थानांतरित**

सबसे कड़ा फैसला लेते हुए,डीआरएम ने स्पष्ट किया कि स्टेशन परिसर में स्थित प्राचीन मंदिर को छोड़कर अन्य मंदिरों को रेलवे कॉलोनी परिसर या कॉलोनी के मंदिर में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने इस पर विरोध जताने वालों को भी जवाब दिया कि ट्रेनों और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्टेशन परिसर में मंदिर नहीं रखे जा सकते।इससे श्रद्धालुओं को भले ही दिक्कत हो, लेकिन यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य परियोजना का संचालन कर रही एजेंसी द्वारा प्राथमिकता के साथ कराया जाए।



**गंदगी पर फटकार, मालगोदाम भी होगा शिफ्ट**

निरीक्षण के दौरान,डीआरएम ने जैतवारा और चितहरा स्टेशनों का भी मुआयना किया। जैतवारा स्टेशन पर गंदगी देखकर उन्होंने स्टेशन मास्टर को साफ-सफाई में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया और यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अतिरिक्त,मालगोदाम को भी जल्द ही कैमा में शिफ्ट करने की बात कही गई है। निरीक्षण के दौरान,डीआरएम ने गार्ड-ड्राइवर लॉबी पहुँचकर उनसे चर्चा की और ट्रेनों का संचालन सुरक्षा पूर्वक करने की सलाह दी। उन्होंने बाँसा से सतना तक 'विंडो इंस्पेक्शन' भी किया,जिसमें ट्रैक,सिग्नल सिस्टम और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन आदि का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान जबलपुर से आए सीनियर डीसीएम-सीनियर डीईएन और सुरक्षा अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे।

## एकेएस यूनिवर्सिटी में मेगा नेत्र जांच शिविर का भव्य और सफल समापन

**सतना।**

एकेएस यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण विभाग तथा श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में विजन केयर परियोजना के अंतर्गत 8 से 12दिसंबर 2025तक आयोजित मेगा नेत्र जांच शिविर का समापन अत्यंत गरिमामय एवं सफल वातावरण में संपन्न हुआ। यह शिविर जनस्वास्थ्य की दृष्टि से विश्वविद्यालय का एक सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास रहा। पाँच दिनों तक चले इस महाअभियान में विश्वविद्यालय के 1600से अधिक शिक्षकों,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नेत्र परीक्षण कराया। जांच के दौरान लगभग 205 लोगों में दृष्टि दोष की पहचान हुई,जिनके लिए निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाने की सिफारिश की गई। साथ ही,कुछ लाभार्थियों को उन्नत जांच एवं उपचार के लिए श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय,चित्रकूट में विस्तृत परीक्षण हेतु संदर्भित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.बी.ए. चोपड़े रहे। उनके साथ प्रो-वाईस चांसलर डॉ. आर.एस. त्रिपाठी, निदेशक आईक्यूएसी प्रो.जी.सी. मिश्रा, निदेशक प्रशासन ब्रजेंद्र सोनी तथा डीन छात्र कल्याण प्रो.महेंद्र कुमार तिवारी की गरिमामय उपस्थिति रही। कुलपति प्रो.चोपड़े ने कहा कि ऐसे सेवा-प्रधान शिविर समाज में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समय रहते रोगों की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए सदैव तत्पर रहेगा। यह शिविर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.महेंद्र कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया,जिसमें कार्यक्रम संयोजक उप-डीन छात्र कल्याण संतोष कुमार एवं गौरव सिंह की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। सुश्री गरिमा सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, समस्त विभागाध्यक्षों तथा मेंटर्स ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। समापन अवसर पर प्रो-चांसलर इंजीनियर अनंत कुमार सोनी तथा प्रो-वाईस चांसलर डॉ. हर्षवर्धन ने सदगुरु सेवा संघ के निदेशक पद्मश्री डॉ.बी.के.जैन,मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.ईलेश जैन एवं पूरी जांच टीम के प्रति इस उत्कृष्ट,सुव्यवस्थित और जनकल्याणकारी आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ओबीसी महासभा ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन; 27 फीसदी आरक्षण, वर्मा को न्याय और पिछड़ा वर्ग अत्याचार निरोधक अधिनियम की मांग

**सतना।**

ओबीसी महासभा एवं अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग ने महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी/तहसीलदार के माध्यम से सौंपा है। ज्ञापन का मुख्य विषय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सामाजिक सुरक्षा,न्याय एवं संवैधानिक संरक्षण प्रदान करना और आईएएस संतोष वर्मा को न्याय दिलाना है। ओबीसी महासभा ने अपनी मांगों में प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग अत्याचार निरोधक अधिनियम के गठन की मांग की है,ताकि ओबीसी वर्ग के सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त,महासभा ने ओबीसी आरक्षण पर 13 फीसदी की सीमा को तत्काल समाप्त कर संविधान सम्मत 27 फीसदी आरक्षण लागू करने और रुकी हुई नियुक्ति प्रक्रियाएँ तुरंत शुरू करने की मांग की। महासभा ने आईएएस संतोष वर्मा के मामले में निष्पक्ष सुनवाई और प्राकृतिक न्याय का पूर्ण अवसर प्रदान करने की मांग की। अन्य मांगों में शिवपुरी विधायक कैलाश कुशवाहा को सुरक्षा देना, किसानों से किए गए समर्थन मूल्य के वादे पूरे करना,और 70 लाख बैकलॉग पदों पर शीघ्र भर्ती करना शामिल है। निवेदक के रूप में ओबीसी महासभा मध्यप्रदेश के प्रभारी (जिला कसला) ने इन मांगों पर त्वरित संज्ञान लेकर वैधानिक कदम उठाने की अपेक्षा की है।



## ब्लू बेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मैहर में रंगारंग वार्षिक उत्सव सम्पन्न; बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**मैहर।** ब्लू बेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल,मैहर में वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण में सजे भव्य मंच और छात्रों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती गीता संतोष सोनी,जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,संदीपनी प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी,मैहर बीईओ पैखरा जी,ग्राम पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय तारा पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में कुलदीप तिवारी,सत्यभान सिंह,अशोक चौबे,सुनील आनंद,संजय पांडे,संजय गुप्ता,मंजू सर,शशांक श्रीवास्तव,बबलू रजक,बद्री पाठक,अजय शर्मा,राम निवास सोनी,रीटा आहुजा,रेखा दुबे,आरती अग्रवाल,भक्ति शर्मा,सविता शर्मा,रोज़ी होरा,सहर चोपड़ा,सलोनी ओबेरॉय,अनुराधा जी,बिजो बाली जी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्नेह लता वर्मा,दिव्यांशी चोपड़ा,वरुण चोपड़ा,श्री राधा इवेंट के कुलदीप सिंह,आलेख्या,सलमान, नीरज आदि ने किया। वार्षिक उत्सव में छात्रों की प्रतिभा और मेहनत साफ झलक रही थी,जिसे सभी अतिथियों ने सराहा। विद्यालय के संस्थापक विजया लक्ष्मी चोपड़ा राकेश चोपड़ा शेवता चोपड़ा रश्मि चोपड़ा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




## 'नेशनल लोक अदालत' का सफल आयोजन: 41 खंड पीठों द्वारा रिकॉर्ड संख्या में प्रकरणों का निपटारा



**सतना। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जबलपुर और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण,नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। पूरे न्यायिक जिले के लिए 41 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को प्रातः 10:30 बजे एडीआर भवन, सतना में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी द्वारा किया गया।**

श्रीमती सोलंकी ने माँ सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने सुलह-समझौते से अधिक से अधिक प्रकरण निपटाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी के अतिरिक्त,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र,कुटुंब न्यायालय अध्यक्ष नौरिन निगम,विशेष न्यायाधीश प्रशांत निगम,सभी न्यायाधीश,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बंद्री विशाल पाठक,सचिव शैलेश पाण्डेय,कार्यालय सचिव श्रवण पाठक,पक्षकार और उनके अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

**निराकरण किए गए मामले-** लंबित मुकदमेः सिविल,राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण,138 एन.आई. एक्ट,श्रम,वैवाहिक,भरण-पोषण,मोटर दावा दुर्घटना,और विद्युत प्रकरण आदि। जलकर,बैंक रिकवरी,विद्युत, BSNL आदि से संबंधित मामले। बैंक ऋण तथा विद्युत संबंधी मामलों में विशेष छूट के साथ निराकरण किया गया। लोक अदालत सतना मुख्यालय के अलावा तहसील न्यायालयों मैहर, अमरपाटन, नागौद, रामपुर बाघेलान, उँचेहरा और चित्रकूट में भी आयोजित की गई। नगर निगम में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें बकायादारों ने अपने संपत्ति कर, जलकर आदि का भुगतान कर रियायत प्राप्त की।

### कुएं में डूबने से 4 वर्षीय मासूम की मौत

**सतना।** जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के खैरवार मझगवां में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। कुएँ के पास खेल रहे महज चार वर्षीय मासूम सुखेन्द्र सिंह पिता महेंद्र सिंह की कुएँ में अचानक गिर जाने से डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम छा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। यह घटना खुले या असुरक्षित कुओं के पास बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता को दर्शाती है।

### नवविवाहिता का संदिग्ध शव, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**सतना।**अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम नौगवा में एक नवविवाहिता का शव उसके बंद घर के कमरे में संदिग्ध अवस्था में जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों ने छत से जाकर दरवाजा खोला और पुलिस को सूचित किया। अमरपाटन पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है,और मायके पक्ष की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम (डॉ.सीमांका गर्ग और डॉ.सुशील गुप्ता) से पोस्टमार्टम कराया गया है। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र की बेला चौकी पुलिस ने पंप हाउस में चोरी करने वाले आरोपी प्रद्युमन केवट उम्र 22 वर्ष,निवासी बेला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी बार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा बार्ड न.14, 761. बासुदेव बर्मा पिता\पति बिश्राम बर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा बार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक

# हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से हितलाभ राशि अंतरण के मामले में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है शामिल



**जिले को कुपोषणमुक्त बनाने सहित समयावधि में योजनाओं का लाभ एवं विकास कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश**



**पन्ना।** जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से विभागीय कार्यक्रम व गतिविधियों के क्रियान्वयन के साथ सामाजिक उत्तदायित्व भी आवश्यक है। गरीब व पात्र हितग्राहियों के हक का पैसा पारदर्शी तरीके से सीधे बैंक खाते में पहुंचाने वाले प्रदेशों की श्रेणी में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सर्वसमाज की सहभागिता जरूरी है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिला विकास सलाहकार समिति की प्रथम बैठक में कहीं। इस समिति का गठन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में किया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री बतौर उपाध्यक्ष समिति में शामिल हैं। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री परमार ने विभागवार क्रियान्वित योजनाओं के प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में शासन की योजनाओं का लक्ष्य पूर्ण करने तथा विकास कार्यों की पूर्णता के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से समिति में शामिल सदस्यों के आवश्यक सुझाव प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना व समग्र विकास के रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में 12.65 करोड़ राशि से डायमण्ड पार्क तथा 20 करोड़ लागत राशि से बनने वाले डायमण्ड म्यूजियम के एक स्थल पर लगभग 32 एकड़ भूमि पर निर्माण के संबंध में सर्वसम्मति एवं सहमति से महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने दक्षिण वन मण्डल अंतर्गत पोषण से भरपूर कल्दा महुआ लड्डू एवं शहद के लोगो का विमोचन किया। प्रभारी मंत्री ने बैठक के अवसर पर प्रदेश सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सबसे पहले बड़ा कदम उठाते हुए लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत की। इस योजना के जरिए बेटियों की शिक्षा और भविष्य के स्वावलंबन की नींव रखी गई। प्रदेश सहित जिले में लाड़ली बहना योजना के माध्यम से भी बड़ी संख्या में महिलाएं लाभांवित हो रही हैं। इसी तरह सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बेटियों को 49 हजार रूपए की राशि हस्तांतरित की जा रही है। जिले में टिकुरिहा, जिगदहा और लक्ष्मीपुर में नवीन विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत हुए हैं। किसानों को निर्बाध रूप से 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराना और विद्युतविहीन कुछ राजस्व ग्राम व मजरा टोला में विद्युतीकरण का भी लक्ष्य है। बैठक में खनिज मद की स्थिति सहित शिक्षा विभाग के छात्रवृत्ति वितरण, बालिका छात्रावासों की स्थिति, साईकिल व गणवेश वितरण, सांदीपनि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण सहित शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के बारे में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए गए।

### प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हो चिकित्सक की तैनाती-

प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकता मुताबिक बांड चिकित्सकों की पदस्थापना के संबंध में भी निर्देश दिए। इस दौरान अवगत कराया गया कि ग्राम जनवार में पीपीपी मोड पर बनने वाले चिकित्सा महाविद्यालय की भूमि का सीमांकन 18 दिसम्बर को कराया जाएगा। वर्तमान जिला अस्पताल के 300 बेड के अलावा मेडिकल कॉलेज की निर्माण संस्था द्वारा पृथक से भी 200 बिस्तर की स्थापना की जाएगी। आगामी दिवस में मुख्यमंत्री द्वारा भूमिपूजन उपरांत निर्बाध रूप से चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण शुरू हो जाएगा। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की जानकारी लेकर सभी स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मुख्यालय पर निवास करने, 108 एम्बुलेंस सेवा को बेहतर बनाने, अस्पताल संचालन समय में चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक सहित आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों के वेतन भुगतान मामले पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी एजेंसी द्वारा राशि के एवज में कर्मचारियों की नियुक्ति के मामले की विधिवत जांच कर लापरवाही प्रमाणित पाए जाने पर कंपनी के विरूद्ध कार्रवाई करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आउटसोर्स कर्मियों पर अपना नियंत्रण रखा जाए। इन कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन एजेंसी पर न छोड़ा जाए, बल्कि अपने स्तर पर स्वयं कार्यों का आकलन करें। इस दौरान अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में उपकरणों के क्रय के बाद नियमित रूप से इनके संचालन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

### नल जल परियोजनाओं की एनओसी के लिए जपं सीईओ को करें अधिकृत-

बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए जिले में संचालित परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा भी हुई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा समयबद्ध रूप से परियोजना का कार्य पूर्ण करने तथा कार्यपूर्णता पर एनओसी के लिए जनपद पंचायत सीईओ को अधिकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी नल जल योजनाओं के सफल संचालन के लिए सही व उचित जल स्त्रोत का चिन्हांकन आवश्यक है। पन्ना विधायक द्वारा अजयगढ़ क्षेत्र में गुणवत्ताहीन पाइपलाइन बिछाने तथा सड़क मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने संबंधी जानकारी से अवगत कराने पर प्रभारी मंत्री द्वारा तत्काल समिति का गठन कर जांच के लिए निर्देशित किया गया। उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यूरिया एवं डीएपी खाद की पन्ना जिले के लिए पृथक रैक की उपलब्धता, धरमपुर में वितरण केन्द्र बनाने तथा किसानों को सोलर पम्प जैसी स्कीम से लाभांवित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक एवं आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने तथा कीटनाशक व खाद के सीमित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण सहित केन-बेतवा लिंक परियोजना से छूटे जिले के शेष ग्रामों में भी कृषि सिंचाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रत्येक मजरे टोले तक सड़क निर्माण तथा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में माइनिंग ब्रांच के संचालन तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उच्च शिक्षा के नवीन व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के संचालन के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, समस्त जनपद पंचायत अध्यक्ष, प्रभारी कलेक्टर उमराव सिंह मरावी, वनमण्डलाधिकारी दक्षिण अनुपम शर्मा, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं नरेन्द्र सिंह धुर्वे, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार तथा सतानंद गौतम, विनोद तिवारी, रामावतार पाठक, रामबिहारी चौरसिया, कमल लालवानी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बड़ागांव बांध में अज्ञात महिला का शव उतराते मिलने से सनसनी, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस



**पन्ना।** देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में एक ही हफ्ते के अंदर दूसरा शव मिलने से लोगों में सनसनी फैली ऐसा ही मामला शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे सामने याया है बताया जा रहा है कि देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बड़ा गांव बांध में एक लगभग 22 या 23 वर्षीय महिला की लाश पानी में तैयारी मिलने से सनसनी फैल गई। आस-पास के रहवासियों ने जब देखा तो मामले की जनकारी देवेंद्रनगर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। देवेंद्र नगर थाना प्रभारी रामा सरे सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बताया जा रहा है कि शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे के लगभग 100 डायल में इवेंट आया था बांध में महिला की लाश पानी में तैरते हुए लोगों ने देखा जिसमें बताया जा रहा है कि महिला शादीशुदा है और श्रृंगार के आभूष भी पहने हुए है। जिसके बाद मौके पर हड़कंप की हालत हो गई है जानकारी लगते ही देवेंद्रनगर थाना प्रभारी सहित पुलिस मौके पर मौजूद है। और मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

### पवई के दो केंद्रों पर संपन्न हुई नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा



**पवई।** देश के साथ साथ प्रदेश के 54 जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं और 9 वीं में दाखिले के लिए शनिवार 13 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। पन्ना जिले के पवई में दो केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में केंद्राध्यक्ष रामकृष्ण नगायच प्राचार्य एवं सी एल ओ जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया पन्ना से आये हरदेव सिंह रहे इस केंद्र मे दर्ज 432 विद्यार्थियों में से 383 विद्यार्थी उपस्थित रहे, वहीं 49 अनुपस्थित रहे, तो दूसरे परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे केंद्राध्यक्ष रामचरण गुप्ता प्राचार्य एवं सी एल ओ जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया पन्ना से आये सुशील भोरसे रहे इस केंद्र में 406 दर्ज विद्यार्थियों में से 377 उपस्थित रहे, वही 29 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। पवई एसडीएम समीक्षा जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नम्रता जैन, संतोष गौतम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और विकासखंड एकेडमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी के द्वारा लगातार दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया और व्यवस्थाएं देखी गई। श्री विद्यासागर गौ संवर्धन समिति में गौवंश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

### गौशाला में बिछाया जा रहा सुविधाओं का जाल

**पवई।** पवई से 8 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौ सदन में इन दिनों लगातार गौवंश की सुरक्षा एवं उसके संरक्षण हेतु सुविधाओं का जाल चारों ओर बिछाया जा रहा है। गौवंश के भोजन ,पानी,इलाज और अन्य प्रकार की सेवा और सुविधाओं हेतु प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के साथ ही श्री विद्यासागर सुरक्षा एवं संवर्धन समिति सदैव तत्पर है। प्रदेश सहित जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए गायों एवं गौवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन शैडो के नीचे हीटर,हैलोजन लाइट्स,अलाव के साथ-साथ संपूर्ण परिसर में नेट लगाई गई हैइसके साथ ही समस्त गौवंश के चिकित्सीय इलाज हेतु भी गौशाला में ही प्रॉपर मेडिकल किट,डॉक्टर एवं दवाइयां उपलब्ध है।

## शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्र नगर द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत विद्यालयों में संपर्क अभियान





**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर द्वारा आज दिनांक 13 दिसम्बर 2025 (शनिवार) को कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न विद्यालयों में संपर्क एवं जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विशेषकर संस्कृत शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी प्रदान करना रहा। अभियान के दौरान महाविद्यालय की प्रवेश समिति ने नगर के तीन विद्यालयों, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालयक्रमें पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक सुविधाओं एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा के मार्गदर्शन में प्रवेश प्रभारी डॉ. शालिग्राम मिश्र, एवं सदस्य डॉ.ध्रुवकुमार पाण्डेय, डॉ.रामनरेश द्विवेदी, श्री पीएल जमरा द्वारा आयोजित इस अभियान के अंतर्गत आवश्यक फोटो एवं वीडियो भी संकलित किए गए, जिन्हें शासन को प्रतिवेदन के रूप में प्रेषित किया जाएगा। अभियान में सहयोग हेतु श्री राजाबाबू एवं श्री सोनू सेन भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि कॉलेज चलो अभियान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। अभियान को विद्यालय प्रशासन का भी सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ।

## शारदा माता मंदिर प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षिक विजय हेमलता चंसौरिया ने किया 32 गरीब, असहाय लोगों को रजाई का वितरण



**पन्ना।** पन्ना शहर के प्रसिद्ध शारदा माता मंदिर के पवित्र प्रांगण में आज (शनिवार) दिनाँक 13 दिसंबर 2025 को एक नेक और सराहनीय पहल की गई। शहर की जाने-माने सेवानिवृत्त शिक्षिक विजय श्रीमती हेमलता चांसौरिया ने हर साल की अपनी परंपरा को निभाते हुए, भीषण ठंड से बचाव के लिए गरीब, विकलांग और बेसहारा लोगों को रजाई वितरित की। इस वर्ष के आयोजन में कुल 32 जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें सम्मानपूर्वक गर्म रजाईयां भेंट की गईं। इस पुनीत कार्य का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग को शीत लहर के प्रकोप से बचाना और उन्हें राहत पहुँचाना था। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चांसौरिया एव विजय ने कहा कि सेवा और दान ही मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने सभी सक्षम नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास के जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने श्रीमती हेमलता चांसौरिया के इस नियमित सेवा कार्य की सराहना की और इसे दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह आयोजन समाज में मानवीय मूल्यों और करुणा का संदेश फैलाता है।

### सांसद खेल महोत्सव को लेकर तैयारियाँ पूर्ण 14 एवं 15 दिसंबर को गुनौर में आयोजित होंगे खेल

गुनौर में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियाँ पूर्ण कर दी गई हैं। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव क्षेत्र के युवाओं एवं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विष्णु दत्त शर्मा विशेष रूप से शामिल होंगे। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गुनौर विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी भाग लेंगे।भाजपा मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है। शनिवार की शाम 7:00 बजे अपील कर उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का एक सशक्त मंच है।आयोजन को लेकर स्थानीय स्तर पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं और क्षेत्र में खेल महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### अजयगढ़ में ऐतिहासिक विरासत को मिला नया जीवन, प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का भव्य भूमिपूजन

**अजयगढ़।** शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने की दिशा में अजयगढ़ में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वार्ड क्रमांक 10 में स्थित सदियों पुरानी प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ विधिविधान से भूमिपूजन कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह महत्वाकांक्षी परियोजना लगभग 20 लाख रुपये की लागत से पूर्ण की जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह बावड़ी अपने पारंपरिक और ऐतिहासिक स्वरूप में ही पुनर्निर्मित की जाएगी, ताकि प्राचीन जल संरक्षण की समृद्ध विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि "हमारी बावड़ियां केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और वास्तुकला की पहचान हैं। इन्हें संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है।" कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिंह ने अजयगढ़ के समग्र विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि हजूरी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। ऐतिहासिक अजयपाल गेट के सौंदर्यीकरण के लिए भी विशेष धनराशि प्रदान की गई है। नगर में यातायात सुविधा को बेहतर बनाने के लिए रिंग रोड बायपास का निर्माण किया जाएगा।

## टांई स्कूल के पास मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिरी, पति पत्नी घायल

**अमानगंज।** टांई मोड़ क्षेत्र में संचालित क्रेशर आए दिन सड़क हादसों का कारण बन रही है। क्रेशर से निकलने वाली गिट्टी सड़क पर जगह-जगह फैली रहने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते लगातार दुर्घटनाएँ हो रही हैं। शनिवार शाम करीब 7:00 बजे टांई विद्यालय के पास सड़क पर फैली गिट्टी में फिसलने से एक मोटरबाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में बाइक चालक टँटे पिता फूल सिंह राजपूत (उम्र 35 वर्ष) एवं उनकी पत्नी निशा पति टँटे राजपूत (उम्र 30 वर्ष), दोनों निवासी भुजबई, गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पति-पत्नी टांई से अमानगंज की ओर आ रहे थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क से गिट्टी साफ नहीं कराई गई और क्रेशर संचालन पर सख्ती नहीं की गई, तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की माँग की है।

### अमानगंज पहुँचे पन्नाजिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष अमानगंज के नेतृत्व में फूलमालाओं से किया गया स्वागत



**पन्ना।** जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के अमानगंज आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा बरिष्ठ नेता जयप्रकाश चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश राजू चौबे पूर्व मंडल महामंत्री प्रदीप अवस्थी, मंडल उपाध्यक्ष आनंद सिंह राजपूत, अरविंद दुबे भूपेंद्र सिंह छोटे राजा विजय सक्सेना, अमित दुबे, रविंद्र शर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री के समक्ष क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा संगठन को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## दो मोटर बाइक आपस में टकराई एक युवक की हालत गंभीर कटनी रिफर

### शंकरगढ़ के पास घटी घटना





**अमानगंज।** पन्ना जिले के गुन्नौर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरगढ़ के आगे सतना पवई सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार में दो मोटर बाइक के आपस में टकरा जाने से एक युवक की हालत गंभीर हो गई जबकि दूसरा समान रूप से घायल बताया गया घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ युवक सत्येंद्र जैन पिता अशोक जैन निवासी टीकमगढ़ महेवा रिश्तेदारी में आया था यह अपना कामकाज निपटने के बाद उसने सोचा कि यहां तक आए हैं तो चलो श्रेयांश गिरी के दर्शन हो जाए और अपने परिवार को लेकर मोटरबाइक से रवाना हो गया और रास्ते में इस घटना का शिकार हो गया घटना में युवक का वाया पेर पूरी तरह से टूट गया चेहरे पर उसे गंभीर चोटें आई शरीर के कई स्थानों पर गंभीर चोटे बताई गई अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के बाद सीधा उसे कटनी रेफर किया बाद में इस घटना के बाद उसे परिवार में भारी दुख की लहर बन गई क्योंकि युवक अपनी ससुराल महेवा आया हुआ था इस घटना में दूसरे घायल का नाम दीपू चौकीदार बताया गया जो महेवा का ही निवासी हैं और आदतन अपराधी भी है और महेवा चौकी के सामने से मोटरबाइक लिकर बताया जा रहा है और महेवा से ही एक गाड़ी लेकर भागा था जो ऐसा सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ और दूसरे को भी उसने शिकार बनाया।

## खबर संक्षेप

### उमेश शर्मा सहित 7 अधिवक्ता बने कार्यकारिणी सदस्य



छतरपुर। जिला अधिवक्ता संघ छतरपुर के विभिन्न पदों की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उमेश कुमार शर्मा सहित सात अधिवक्ताओं को निर्विरोध चुना गया है। वही कार्यकारिणी महिला आरक्षित पद ग्रुप सी में दो महिला अधिवक्ताओं को दायित्व मिला है। कोषाध्यक्ष के रूप में आशीष कुमार पटेरिया निर्विरोध चुने गए। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए कई अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र भरे थे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश बाबू पांडे एवं देवी प्रसाद तिवारी के नाम वापस लेने से सात सदस्य निर्विरोध चुन लिए गए चुने गए। सदस्यों में उमेश कुमार शर्मा, अजय सिंह ठाकुर, मुकेश वर्मा, अनुरुद्ध तिवारी, उपकरण पटेल रविंद्र कुमार तिवारी व लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा शामिल हैं। उमेश कुमार शर्मा लगातार तीसरी बार सदस्य के रूप में चुनेगए हैं। वहीं महिला वर्ग में युवा अधिवक्ता शिवांगी तिवारी व पाखी शुक्ला चुने गए हैं।

### सेंधपा सोसायटी के पूर्व प्रबंधक राज महेन्द्र सिंह 74 लाख के घोटाले में दोषी सिद्ध

छतरपुर। सहकारिता के क्षेत्र में आये दिन भ्रष्टाचार घोटाला होने की खबरें शुर्खियों में आती रहती है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति सेंधपा, शाखा बड़ामलहरा की बर्ष 2018-19 की अकेक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट सामने आई। जिसमें 74 लाख 70 हजार 514 रूपए 59 पैसे की आर्थिक अनियमितताओं को लेकर बसूली के आदेश जारी किए गए है। तत्कालीन अंकेक्षक श्याम क्षत्री द्वारा अंतिम चरण में प्रस्तुत प्रतिवेदन में उक्त राशि की बसूली हेतु मध्यप्रदेश सहकारी समिति अधिनियम की धारा 58 (वीं/ख)के तहत विशेष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण में नियमित रूप से सुनवाई के लिए तारीख लगाई जाती रही, लेकिन समिति प्रबंधक राज महेन्द्र सिंह किसी भी तारीख पर उपस्थित नही हुए। फिर 3 दिसंबर 2025 को राज महेन्द्र सिंह को 8 दिसंबर तक का अंतिम अवसर दिया गया। लेकिन उन्होंने 8 दिसंबर 2025 को भी अंतिम तिथि तक कोई भी पक्ष प्रस्तुत नही किया। जिससे उपपंजीयक छतरपुर सीपीएस भदौरिया ने 8 दिसंबर 2025 को सार्वजनिक आदेश पारित करते हुए राज महेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि वह आदेश की तिथि से 7 दिवस के भीतर संपूर्ण राशि संस्था के खाते में जमा करें। यदि उनके द्वारा राशि जमा नही की जाती है, तो बसूली की कार्यवाही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर के मार्गदर्शन में सेवा सहकारी समिति सेंधपा के प्रशासक प्रदीप द्विवेदी एवं बसूली अधिकारी पीएस खुराना के द्वारा की जाएगी। आपको बता दें कि राज महेन्द्र सिंह समिति के जाहर सिंह के करीबी रिश्तेदार है, और जाहर सिंह के खिलाफ भी रिकवरी प्रकरण डीआर कार्यालय में लंबित है। जिससे पूरे प्रबंधन पर सबाल खड़े हो रहे है। आदेश जारी हुए 5 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक राज महेन्द्र सिंह द्वारा अभी तक राशि जमा नहीं की गई है। अब देखना यह है कि बसूली के लिए प्रशासन कौन से सख्त कदम उठाता है। आदेश में निर्देश दिए गए है कि उक्त आदेश का पालन मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 85 के अंतर्गत किया जाए।

## प्लाईओवर के अभाव में फिर हुआ एक सड़क हादसा

# स्कूटी सवार बुजुर्ग को ट्रक चालक ने रौंदा

छतरपुर।

सिटी कोतवाली के अंतर्गत जवाहर मार्ग पंजाब बैंक के सामने दुर्घनाओं के लिए हाटस्पाट बनता जा रहा है। यहां पर आये दिन सड़क दुर्घनाओं में लोगों की जान जा रही है और सड़क रक्त से लाल हो रही है। शनिवार की दोपहर में भी एक सड़क हादसा प्लाईओवर के अभाव में हो गया और स्कूटी सवार बुजुर्ग को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने कुचल दिया। जिससे मौके पर कौशल महाराज की मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजुद लोगों ने उसे पकड़ लिया और बाद मे पहुंचे कोतवाली टीआई के हबाले कर दिया। इस दर्दनाक सड़क हादसे के बाद फिर से प्लाईओवर की मांग उठी। और मौके पर मौजूद लोगों ने एक बार फिर से केन्द्रीय मंत्री को जमकर कोसा। जानकारी के अनुसार पंजाब बैक के सामने रहने वाले कौशल महाराज की कपड़े की दुकान बजरिया में है और बह कपड़े की दुकान से स्कूटी क्रमांक एमपी 13 एमए 3234 से अपने घर के लिए रोज की भांति दोपहर 2 बजे के लगभग लौट रहें थे। जैसे ही उन्होंने पंजाब बैंक के सामने बाले जवाहर मार्ग के कट से अपनी स्कूटी निकालना चाही तभी महोबा रोड़ की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 78 सीटी 6542 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाकर स्कूटी चालक कौशल महाराज को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कौशल महाराज के प्राण पखेर मौके पर उड़ गए। वहां पर मौजूद लोगों ने जैसे ही इस घटना को देखा तो घटना स्थल पर भारी भीड़ लग गई। भीड़ ने डाईवर को पकड़ लिया लेकिन भीड़ का गुस्सा डाईवर पर टूटता उसके पहले ही कुछ लोगों ने डाईवर को अपने कब्जे में लेकर उसे सुरक्षित पुलिस के हबाले कर दिया। इस दर्दनाक सड़क हादसे ने एक बार फिर से लोगों के रोगटे खड़े कर दिए।



### कई बार हो चुकी पंजाब बैंक के सामने सड़क दुर्घनाए -

पंजाब बैंक के सामने जवाहर मार्ग पर यह पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। पहले भी कई बार उक्त स्थान पर सड़क दुर्घनाएं हो चुकी है और सड़क लोगों के लहू से लाल हो चुकी है। बढती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों में आक्रोश है इन बढ़ती सड़क दुर्घनाओं का एक मुख्य कारण यह भी है कि सड़क के दोनो और हाथ ठेले और ई-रिक्शा खड़े रहते है। लेकिन ट्राफिक पुलिस को इसकी कोई परवाह नही रहती जगह-जगह सड़क पर बने कट भी दुर्घटना का कारण बनते जा रहें है।

### घंटो लगा रहा जाम -

इस सड़क दुर्घटना के बाद घंटो बाहनों का जाम लगा रहा दिन मे कई बार जाम लगने की स्थिति उत्पन्न होती है। पठापुर रोड़ के तिराहे पर फलों के ठेले खड़े रहते है। जिस कारण वाहनों को आवागमन में दिक्कत जाती है। पास में ही एक मोटर गैराज भी है और इस गैराज में तमाम वाहन डेण्टिग पेंटिग और सुधरने के लिए आते है जो रोड़ के किनारे खड़े रहते है। इसके अलावा पठापुर रोड़ पर ही एक ट्रासपोर्ट गोदाम है और इस ट्रासपोर्ट गोदाम में आयेदिन ट्रक माल लेकर आते है। यह माल लेकर आने वाले ट्रक भी पठापुर रोड़ पर खड़े होकर माल उतारते है जिससे पठापुर रोड़ के आने जाने वालों को दिक्कत होती है।

### कहां गया प्लाईओवर -

जनता की मांग पर टीकमगढ़ सासंद और केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र खटीक ने दो साल पहले चौबे तिरहा से लेकर महोबा रोड़ तक प्लाईओवर केन्द्र सरकार से स्वीकृत कराया था। यह प्लाईओवर स्वीकृत होकर पास भी हो गया था और सड़क के दोनो ओर निशान भी लगा दिए गए थे। लेकिन प्लाईओवर में व्यापारियो की दुकानें और उनके रहवासी आवास प्रभावित हो रहे थे। इस कारण प्लाईओवर को पूरी तरह से ग्रहण लग गया। कुछ दुकानदारों ने अपने निर्जी स्वार्थो के चलते प्लाईओवर को बलि का बकरा बना दिया और आज स्थिति यह है कि प्लाईओवर के अभाव में रोज सड़के लोगों के खून से लाल हो रही है। केन्द्रीय मंत्री भी चंद्र व्यापारियों के दबाव में आ गए और प्लाईओवर का सपना चकनाचूर कर दिया। आखिर अब जनता केन्द्रीय मंत्री से सबाल कर रही है कि किसके दबाव में आकार प्लाईओवर नहीं बनने दिया।

## युवक को आधा दर्जन लोगों ने लाठी डंडा व कट्टे की बट्ट से पीटा, गंभीर हालात में ग्वालियर रेफर



छतरपुर।

सिटी कोतवाली के अंतर्गत पठापुर रोड़ भी कुछ दिनों से अपराधी तत्वों का शरण स्थली बनता जा रहा है। यहां शाम होते ही गुण्डा तत्व सक्रिय हो जाते है। जिससे लोगों का निकालना भी मुश्किल हो जाता है। शुक्रवार की रात 8 बजे के लगभग आधा दर्जन गुण्डा तत्वों ने 20 बर्षीय राज पाठक पुत्र महेन्द्र पाठक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में राज पाठक को गंभीर चोटे आई, जिससे उन्हें जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया। हमलावर पहले से ही घात लगाए बैठे थे और राज पाठक को देखते ही लाठी डड़ा व कट्टा लेकर उन पर टूट पड़े परिजनों का आरोप है कि राज पाठक अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में घूम रहा था। तभी साहू की चक्की के पास रहने वाले कुछ लोगो ने उसे अचानक से घेर लिया और फिर उसपर लाठी डड़ा लोहे की रॉड कट्टा की बट से हमला कर दिया। इस हमले में घायल राज वहीं पर घायल होकर गिर गया जैसे ही परिजनों को जानकारी लगी तो वह घायल राज पाठक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे डॉक्टरों ने उसे ट्रोमा बार्ड में भर्ती किया और प्राथमिक उपचार भी दिया। लेकिन हालात गंभीर होने पर तत्काल ग्वालियर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की रात हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अगम जैन, सीएसपी अरूण सोनी, और कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने परिजनों द्वारा बताए गए नामों के आधार पर दो सदिग्धों को हिरासत में लिया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। परिजनों ने इस हमले में शामिल जिन लोगों के नाम बताए उनमें मनीष,नन्दू,पप्पू, पुलाव दादा, चंदू, और चतुर कुशवाहा शामिल है। घटना को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने इस घटना में शामिल फरार मुख्य आरोंपियो की गिरफ्तारी के लिए तत्काल 10 हजार के ईनाम की घोषणा भी की है। और आरोंपियो को पकडऩे के लिए पुलिस की टीमें बनाई है। और इन टीमों को निर्देश दिए गए है कि अन्य आरोंपियो को जल्द ही गिरफ्तार किया जाए इस घटना के बाद से पठापुर रोड़ में तहशत का माहौल बना हुआ है।

## जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# 28 खंडपीठों के माध्यम से सैकड़ों प्रकरणों का हुआ निराकरण

छतरपुर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के आदेश के परिपालन में एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में 13 दिसम्बर 2025 को जिला न्यायालय छतरपुर सहित जिले की समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकारों को लाभ मिला तथा विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निराकरण किया गया।
नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें 11 खंडपीठ जिला स्तर पर एवं 17 खंडपीठ तहसील स्तर पर गठित की गईं। इन खंडपीठों द्वारा सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा (क्लेम), वैवाहिक विवाद सहित न्यायालयों में लंबित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निपटारा किया गया। लोक अदालत के दौरान विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, वित्तीय संस्थान, ऋण संबंधी प्रकरणों एवं दूरसंचार विभाग से संबंधित प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित मामलों का भी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया, जिससे पक्षकारों को समय व धन की बचत हुई। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजेश देवलिया ने लोक अदालत स्थल का भ्रमण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोक अदालत के माध्यम से त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की। नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही और उन्होंने आपसी समझौते के माध्यम से विवादों के समाधान को प्राथमिकता देते हुए इस वैकल्पिक न्याय प्रणाली का लाभ उठाया।



# ओबीसी महासभा ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



छतरपुर।

ओबीसी महासभा द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जुड़ी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।
ज्ञापन देने पहुंचे ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष तीरथ कुशवाहा ने बताया कि हाल ही में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए बयान को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ है, उसके संबंध में ओबीसी महासभा यह स्पष्ट करती है कि उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि संतोष वर्मा ने अपने संपूर्ण प्रशासनिक कार्यकाल में सामाजिक न्याय, समान अवसर और पिछड़े वर्गों के हितों के लिए कार्य किया है, लेकिन उनके वक्तव्य को संदर्भ से हटकर प्रस्तुत किया गया है, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है। ओबीसी महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि संतोष वर्मा के समग्र सेवा रिकॉर्ड, सामाजिक योगदान और सकारात्मक कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें निष्पक्ष सुनवाई एवं प्राकृतिक न्याय का पूर्ण अवसर दिया जाए। महासभा ने यह भी कहा कि किसी भी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई तथ्यों और निष्पक्ष जांच के आधार पर होनी चाहिए, न कि किसी दबाव या आंशिक व्याख्या के आधार पर।
ज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग को सामाजिक सुरक्षा, न्याय एवं संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने के लिए पिछड़ा वर्ग अत्याचार निरोधक अधिनियम के गठन की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। महासभा का कहना है कि संविधान लागू हुए 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद ओबीसी वर्ग को आज भी समान अधिकार, सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ओबीसी महासभा ने शासन से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

## मानसिक विक्षिप्तों के सेवक ने मंदबुद्धि युवक को भिजवाया उसके घर

### डेढ़ साल पहले नेपाल से भटककर आ गया था छतरपुर

छतरपुर।

करीब डेढ़ साल पहले नेपाल का एक युवक भटक कर बागेश्वर धाम जा रहा था लेकिन वह वहां न पहुंच कर छतरपुर में ही रह गया। स्थानीय बस स्टैंड क्रमांक 2 युवक का ठिकाना बन गया। मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ संजय कुमार शर्मा ने मंदबुद्धि युवक को टिकट कटवा कर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना किया ईश्वर की कृपा से बागेश्वर धाम से लौट रहे मुजफ्फरपुर के दो युवक भी मिल गए जिनके साथ युवक मुजफ्फरपुर पहुंच जाएगा। वहां से सीतामढ़ी होते हुए नेपाल चला जाएगा। नेपाल का रहने वाला आशीष उपाध्याय नेपाल के ही धार्मिक स्थल बालेश्वर जाने के लिए घर से निकला था। मंदबुद्धि आशीष बालेश्वर न जाकर छतरपुर आ गया। शायद किसी ने उसे बागेश्वर धाम जाने की बात समझ कर यहां भेज दिया था। पिछले 18 माह से वह बस स्टैंड क्रमांक 2 में रह रहा था। आशीष मंदबुद्धि होने के बावजूद बेहद ईमानदार है। यदि कोई व्यक्ति उसे 10 रुपए दे तो वह 5 रुपए वापस कर देता था। बिना टिकट वह अपने घर भी नहीं जाना चाहता था, मगर उसके पास टिकट के पैसे नहीं थे। जटाशंकर होटल के संचालक भगवत शरण अग्रवाल ने मंदबुद्धि युवक के बारे में डॉ. शर्मा को बताया डॉ. शर्मा ने उसकी टिकट करवाई और उसे ट्रेन में बैठाकर नेपाल के लिए रवाना कर दिया। बस स्टैंड के लोगों ने आशीष को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था। जन सहयोग रसोई के माध्यम से सुबह नाश्ता मिल जाता था। इसी तरह दोपहर में भोजन और रात में भी कहीं ना कहीं भोजन मिल जाता था जिससे उसका उदर पोषण होता था।



### हर रोज हनुमान चालीसा के पाठ से ठीक हुई बुद्धि

स्थानीय बस स्टैंड के लोगों ने बताया कि आशीष नाम का युवक मंदबुद्धि था, कई बार नाली का गंदा पानी भी पी लेता था। सीधा-सादा 30 वर्षीय युवक भगवान की प्रेरणा से बस स्टैंड में स्थित हनुमान जी के मंदिर के 200 परिक्रमा लगने लगा धीरे-धीरे हर रोज हनुमान चालीसा पढऩे की आदत डाली। दसवीं तक पढ़ाई करने वाले आशीष की बुद्धि हनुमान चालीसा का पाठ करने से सुधर गई और उसने अपने रिश्तेदारों के कुछ नंबर बताए जिनके माध्यम से आशीष के बारे में और जानकारी मिल सकी। फेसबुक के माध्यम से आशीष की मां से संपर्क किया गया लेकिन उनकी बेटे को भिजवाने में कोई रुचि नहीं दिखाई दी। आशीष की मां नेपाल में चाय की दुकान चलाती है।

## भविष्य में बिजावर विधानसभा के किसानों को मिलने वाला है बड़ा लाभ

## ईशानगर के पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का बिजावर विधायक ने किया निरीक्षण

बिजावर।

बिजावर विधानसभा क्षेत्र के दिदौल गांव में चल रहे महत्वकांक्षी ईशानगर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड प्रोजेक्ट का शनिवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने निरीक्षण किया। विधायक ने इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा लाई गई एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि यह बिजावर विधानसभा के लिए एक बड़ा सौभाग्य है।
विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि यह बिजली से संबंधित यह 500 करोड़ की एक विशाल परियोजना है, जिसकी क्षमता 765 केवीए है और कुल कैपेसिटी 4000 मेगावाट की होगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में केवल तीन-चार जगह ही इतने बड़े प्लांट हैं और यह दिदौल में स्थापित हो रहा है। विधायक ने इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को मिलने वाले बड़े लाभ पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसानों को बड़ा लाभ होने वाला है, क्योंकि वे अपनी जमीन को किराए या लंबी अवधि की लीज पर दे सकते हैं। इससे बाहर के कॉन्ट्रैक्टर या लोकल लोग बिजली बनाने का कॉन्ट्रैक्ट ले सकते हैं, जिससे किसानों को उपार्जन के साथ-साथ लीज से भी फायदा होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे किसानों की आय के स्रोत निश्चित तौर पर बढ़ेंगे और सिंचाई में होने वाली परेशानी कम होगी। विधायक ने कहा कि बरेठी, जो बिजावर विधानसभा का हिस्सा है, वहां से 630 मेगावाट बिजली आती है, जो ईशानगर पहुंचेगी।



वहीं, ईशानगर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आदित्य किसले ने बताया कि यह भारत सरकार की रिन्यूएबल एनर्जी जेनरेशन (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन) से जुड़ी योजना है, जिसका उद्देश्य जनरेशन कैपेसिटी बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि यह ट्रांसमिशन सिस्टम एनटीपीसी और अन्य प्राइवेट डेवलपर्स से रिन्यूएबल सोर्स से आने वाली बिजली को फीड करेगा और इंटर-स्टेट सिस्टम में मध्य प्रदेश को भी बिजली सप्लाई होगी। आदित्य किसले के अनुसार, अभी इसकी कुल क्षमता 4000 मेगावाट की है, जिसमें 765 केव्ही पर 3000 मेगावाट और 400 केव्हीपर 1000 मेगावाट शामिल है। उन्होंने दावा किया कि इससे क्षेत्र के लोगों को अधिक देर तक बिजली सप्लाई, रिलाएबल पावर और सस्ता पावर जैसी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने आशा व्यक्त की कि यह योजना, जो अभी 15-20 किलोमीटर में जुड़ी है, धीरे-धीरे अपनी क्षमता बढ़ाएगी और क्षेत्र में बिजली उत्पादन की क्षमता में भी वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### मनी सर्कुलेशन के झांसे में आकर ठगी का शिकार बने, एसपी को शिकायती आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

रीवा। मनी सर्कुलेशन स्कीम के तहत लोगों से ठगी का मामला सामने आया है, पैसा बढने के लालच में आकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गवां बैठे। शुक्रवार को शहर के घोघर मोहल्ले से आए पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया गया कि आरोपी ने तकरीबन 200 लोगों के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ितों ने बताया कि घोघर निवासी मोहम्मद अली अंसारी उर्फ सुक्खू नामक व्यक्ति के द्वारा उनके पैसों को कुछ ही समय में अधिक लाभ के साथ वापस करने का दावा किया गया जिसके बाद कुछ लोगों को उसका लाभ दिया गया। लालच में आकर कई लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाते गए लेकिन अब उन्हे पैसा वापस नहीं मिल रहा। पीड़ितों ने यह भी बताया कि उनके द्वारा मामले की शिकायत थाना स्तर पर की गई लेकिन आरोपी बीमारी का बहाना बताते हुए बचता रहा। आरोप लगाया गया कि तकरीबन 200 लोगों से 25 करोड रुपए तक की ठगी की गई। पीड़ितों ने यह भी बताया कि अब आरोपी का परिवार उल्टा देनदारों को ही गंभीर मामलों में फंसने की धमकी दे रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी मोहम्मद अली उर्फ सुक्खू के ऊपर जब दबाव बना तो उसने लोगों को फर्जी चेक भी दे दिया लेकिन सभी चेक बैंक से वापस आ गए। फिलहाल अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।13/12/2025, 8:01pm - गुड्डू निगम रीवा: सड़क सुरक्षा नीति की संभाग स्तरीय बैठक 18 दिसंबर कोरीवा। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा नीति के तहत गठित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 18 दिसंबर को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में अपरान्ह 12.30 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गयी है।

### :संजीवनी क्लीनिक रतहरी में कल लगेगा शिविर

रीवा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 18 दिसम्बर तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। संजीवनी क्लीनिक रतहरी में 15 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### साम्प्रदायिकता से जुड़े भूमि विवाद के मानीटरिंग सेल की बैठक 18 को

रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में साम्प्रदायिकता से जुड़े भूमि विवाद की मानीटरिंग सेल की बैठक 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सहित संभागान्तर्गत जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक एवं जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा उपस्थित रहेंगे।

### नमाज पढ़कर लौट रहे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघर मोहल्ले में शुक्रवार चाकू बाजी की घटना सामने आई। चाकू से युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इसराइल खान पिता मकूल निवासी घोघर अपनी बाइक से नमाज पढने गया था, युवक नमाज पढ़कर वापस लौट रहा था तभी रास्ते में शातिर बदमाश ने उसे रोका और गाली गलौज शुरू कर दी जब युवक ने गाली देने से मना करते हुए विरोध किया तो आरोपी ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। बताया गया कि युवक के सीने के किनारे और कमर के पास चाकू लगा है, जिससे वह लहुलुहान हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी जिसके बाद घायल को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ लिया है। घायल इसराइल ने जानकारी देते हुए बताया कि घोघर निवासी रमजान खान उम्र 23 वर्ष के साथ वह जा रहा था। इसी दौरान घोघर कन्या स्कूल के पीछे नुरुल गोस वाले के सामने घोघर निवासी बाबू ब्लैकी नामक युवा मिला जो पहले तो उसे घूरने लगा और देखते ही देखते देखते गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद मौजूद लोगों ने बाबू ब्लैकी को पकड़ लिया और सूचना तत्काल पुलिस को दी। बताया गया कि आरोपी नशे की हालत में था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं घायल के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**जिला विकास एवं सलाहकार समिति जिले को देगी विकास के नए आयाम - प्रभारी मंत्री**

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक संपन्न





रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम ने कहा कि यह समिति जिले के विकास को नया आयाम देगी। समिति जिले के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार करने के साथ समस्याओं को हल करने पर भी विचार मंथन करेगी। समिति के सदस्य सही तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। बैठक में जिले के विकास से जुड़ी समस्याएं बताने के साथ-साथ उसे हल करने का सुझाव भी दें। समिति की आगामी बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अधोसंरचना विकास के मुद्दे की चर्चा की जाएगी। इससे जुड़े अधिकारी और विशेषज्ञ बैठक में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज सरकार के दो वर्ष पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। इन दो वर्षों में रीवा जिले और प्रदेश को विकास की कई सौगातें मिली हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को हम सब बधाई देते हैं। हर जिले की अपनी विशेषताएं हैं। उनके अनुरूप विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसलिए समिति में हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। समिति में शामिल विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ सदस्य जिले के विकास के लिए उपयोगी सुझाव दें। पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ जिले का विकास हो, ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने सिरमौर से डभौरा और सिरमौर से कलवारी सड़क निर्माण के भू अर्जन कार्य में तेजी तथा डभौरा के आसपास औद्योगिक विकास केन्द्र बनाने के लिए जमीन आवंटन का सुझाव दिया। विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा ने आगामी बैठक में ग्रामीण विकास विभाग पर चर्चा तथा समिति में महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का सुझाव दिया। विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने गंगेव क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं पर अमल, लालगांव में थाना खोलने तथा हिनौती गौधाम के लिए 8 करोड़ रुपए आवंटित करने की मांग रखी। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति बहुल बस्तियों में सामुदायिक भवनों के निर्माण एवं जनपद अध्यक्ष गंगेव श्री विकास तिवारी ने अधूरे अटल सरोवरों का निर्माण पूरा कराने का सुझाव दिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की दवाओं की सरकारी अस्पतालों में आपूर्ति, गुढ़ थाने के परिसीमन, जिले में आयुष हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने, बहुती नहर का निर्माण पूरा कराने तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण के सुझाव दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समिति के गठन के उद्देश्यों के गठन की जानकारी देते हुए कहा कि समिति जिले की आवश्यकताओं के अनुसार कार्ययोजना तैयार करेगी। जिले में कौशल विकास, लोकल फार वोकल तथा शासन की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी भी यह समिति करेगी। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ अजय सिंह, जनपद अध्यक्ष सिरमौर श्रीमती रवीना साकेत, राजेश पाण्डेय, विवेक दुबे, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, कुंवर बहादुर सिंह, रावेन्द्र मिश्रा तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमहिया पुलिस की कार्यवाहीः अडीबाजी कर मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

रीवा

पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के निर्देशन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर अडीबाजी के आरोपी को गिरफ्तारी कर भेजा जेल। दिनांक 05/11/2025 को फरियादी प्रदुम्न मिश्रा पिता लवकुश प्रसाद मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी कैलाशपूरी थाना विश्वविधालय जिला रीवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की समय करीबन 05:00 बजे शाम अपने दोस्त धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी के साथ सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे सत्यम टी स्टाल के बगल मे कबाब पराठा खा रहे थे तभी गायत्री नगर निवासी अजय विश्वकर्मा, शुभम पटेल, पवन विश्वकर्मा एवं अक्की राजपूत जिन्हे मै पहले से जानता पहचानता हूँ आए और अजय विश्वकर्मा ने मुझसे बोला की बहुत दिन बाद मिले हो आज हम लोगों को शराब पीने के लिए पैसा चाहिए तब मैंने बोला की मेरे पास पैसे नहीं है मै नहीं दे सकता तभी अजय विश्वकर्मा एवं उसके साथियों ने मुझसे बोला की तुम पैसे कैसे नहीं दोगे तभी अजय विश्वकर्मा एवं उसके साथी सुभम पटेल, पवन विश्वकर्मा एवं अक्की राजपूत मुझे मादरचोद बहन चोद की भद्दी भद्दी गाली देते हुए हाथ मुक्का लात एवं डंडे से मारपीट करने लगे तब मैंने हल्ला गोहार किया तो मेरे दोस्त धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं आसपास के लोग आकर बीच बचाव किए तब चारों लोग जाते जाते धमकी देते हुए बोले की अगर तुमने अगली बार हमे शराब पीने के लिए पैसे देने से मना किया तो तुझे जान से खतम कर देंगे जिस पर थाना अमहिया मे अपराध क्र.289/25 धारा 296,115(2),351(2),119(1),3(5) बी.एन.एस पंजबद्ध कर आरोपियो की पता तलाश कर आरोपी अखिलेश उर्फ अक्की सिंह पिता विनोद सिंह उम्र 21 साल निवासी सदहना थाना सिरमौर जिला रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपी – अखिलेश उर्फ अक्की सिंह पिता विनोद सिंह उम्र 21 साल निवासी सदहना थान सिरमौर जिला रीवा उक्त कार्यवाही मे उनि शिवा अग्रवाल, सउनि कृष्णलाल, प्र.आर.रामसखा वर्मा, प्र.आर पुरुषोत्तम सिंह परस्ते, आर. विकास तिवारी, आर.अनुज सिंह, आर शंकरदत्त जयसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

### नशे में धुत शंभू तिवारी समेत चार आरोपियों ने किराना दुकान संचालक शिवम के साथ की मारपीट, बीच बचाव करने मौके पर पहुंचे चाचा को भी पीटा, 500 भी छीना

रीवा। मऊगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधोपूर्व में शनिवार की दोपहर नशे में धुत शंभू तिवारी, अंशु तिवारी, सुनील तिवारी व राकेश तिवारी ने गांव के ही किराना दुकान संचालक शिवम शुक्ला के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए मारपीट की और दारु पीने के नाम पर ₹500 जबरिया छीन ले गए इतना ही नहीं बीच बचाव करने मौके पर पहुंचे चाचा विद्या चरण शुक्ल के साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट की जिनके चेहरे पर चोट के निशान भी थे 1 इस आशय की रिपोर्ट फरियादी शिवम शुक्ला ने मऊगंज थाने में दर्ज करते हुए उपरोक्त सभी चारों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है 1 मामले का गंभीर पहलू यह है की मऊगंज थाना पुलिस ने फरियादी की कथित शिकायत (सूचना) को भी महज विवेचना में लिया है पीड़ित फरियादी का पुलिस द्वारा अस्पताल में मेडिकल न कराया जाना पुलिसिया कार्रवाई को सवालों के घेरे में खड़ा करता है 1 आरोपियों के खिलाफ शिथिलता भरी कथित कार्रवाई से कयास लगाए जा रहे हैं की पुलिस शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठी है पीड़ित फरियादी शिवम शुक्ला का कहना है कि आरोपियों से उसे अपनी जान माल का खतरा है यदि उसके साथ किसी तरह की कोई घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जवाबदेही मऊगंज थाने पुलिस की होगी युक्त चारों व्यक्ति अपराधी किस्म के है जिनके खिलाफ मऊगंज थाने मे पूर्व से भी अपराध पंजीबद्ध है1

# जन कल्याण सरकार और शासन की जिम्मेदारी है - प्रभारी मंत्री
## प्रभारी मंत्री ने पत्रकार वार्ता में सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारी

रीवा। सरकार के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में ईको पार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल मंत्री ग्रामीण विकास एवं श्रम ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने कई सराहनीय कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री की पहल से विकास के कार्यों में तेजी आई है। जनकल्याण सरकार और शासन की जिम्मेदारी है। इसका हम बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। सरकार की उपलब्धियों को मीडिया के माध्यम से आमजनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते मीडिया जनता और सरकार के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी है। सतत संवाद से जनरहित के कार्य बेहतर होते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रीवा में दो वर्षों में विकास के कार्य तेजी से हुए हैं। नशे के विरूद्ध अभियान में पुलिस ने कई बड़ी कार्यवाहियाँ करके अच्छी सफलता प्राप्त की है। उत्तरप्रदेश सरकार भी नशे के विरूद्ध अभियान में हमारा पूरा सहयोग कर रही है। नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए हमें प्रयास करने होंगे। रीवा में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल और संजय गांधी हास्पिटल से बड़ी संख्या में गंभीर रोगियों का उपचार हो रहा है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में दो हजार से अधिक जटिल आपरेशन हो चुके हैं। प्रदेश में पहले इंदौर जैसे




बड़े शहरों में ही इन्वेस्टर्स मीट होती थी। रीवा में गत वर्ष 23 अक्टूबर को इन्वेस्टर्स मीट का सफल आयोजन हुआ जिसमें 31 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस वर्ष जुलाई में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो हजार करोड़ रुपए के टूरिज्म उद्योग के प्रस्तावों के समझौता पत्रक पर हस्ताक्षर किए गए। रीवा से इस वर्ष रीवा एयरपोर्ट का विकास पूरा होकर रीवा से दिल्ली के लिए एटीआर-72 हवाई सेवा का शुभारंभ हुआ। शीघ्र ही इंदौर के लिए भी एटीआर-72 हवाई सेवा शुरू हो रही है। बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण, रीवा बायपास निर्माण तथा 12 सांदीपनि स्कूलों के भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो रहा है। पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा योजना, खेती के विकास के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण, उद्योगों की स्थापना, प्रदेश से नक्सलवाद के सफाये की जानकारी दी। नक्सलवाद के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जो लोकतंत्र को चुनौती देगा और समानांतर सरकार चलाने का प्रयास करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री जी ने जो समय सीमा तय की है उसमें प्रदेश से नक्सलवाद का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। पत्रकार वार्ता में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ अजय सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, आयुक्त नगर निगम सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता में सभी पत्रकारों को सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों तथा रीवा जिले की उपलब्धियों की जानकारी का फोल्डर वितरित किया गया।

# बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की शीतदूत टीम जरूरतमंदो को रात में घूम कर बाट रही कम्बल

रीवा। बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की शीत दूत रात में घूम घूम कर जरूरतमंदों को बांट रहे कंबल सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई अग्रणी सामाजिक संस्था बेनिसन



हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी की शीत दूत टीम इस जाड़े में जरूरत मंद लोगो तक पहुंचा रही है कम्बल टोपा मफलत गर्म कपड़े जो बेनिसन हेल्पिंग शीत दूत टीम जो हम तक नहीं पहुंच पाते उन तक हम पहुंचते हैं। रात में घूम घूम कर बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी की शीत दूत जरूरतमंदों को बांट रहे कंबल, अनूठी पहल की चहुंओर सराहना हो रही है। बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की शीत दूत की इस दरियादिली की हर कोई प्रशंसा कर रहे हैं। कड़ाके की ठंड में रात के 12 बजे रीवा क्षेत्र का भ्रमण करते हैं। भ्रमण के पीछे उनकी मंशा गरीबों एवं जरूतमंदों की सेवा करना है। ठिठुर रहे गरीबों को कंबल प्रदान करते हैं। कड़ाके की ठंड में जहां लोग शाम होते ही घर में दुबक जाते हैं, वहीं रास्ते में उन्हें जो जरूरतमंद ठंड ठिठुरते मिल जाते हैं उनके कष्ट को दूर करने में अपनी दरियादिली दिखाते हैं। बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की शीतटूट टीम की सभी आमजन से अपील किया है की कहीं भी कोई भी ऐसा जरूरतमंद दिखे ठंडी में रातों में ठंड से बचा सके कोई भी रास्ते में ठंड से ठुढ़ूरते मध्य रात्रि में कही बैठे लेट दिखे तो बेनिसन हेल्पिंग सोसायटी की शीत दूत टीम से अवश्य संपर्क करे। बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला बघेली कलाकार दीपक पटेल रीवा निशांत तिवारी अभिषेक मिश्रा हिमांशु प्रशांत मिश्रा सूरज शुक्ला प्रशांत पटेल सौरभ दुबे अंकित मिश्रा शाहबाज अलम सभी टीम के साथ मिल के शीतदूत का कार्य क्रम किया जा रहा है।

## रेवा फिल्म फेस्टो-2025 कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री



रीवा। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि विधाओं को उभारने का कार्यक्रम जनजागरण है। रीवा में रचनात्मक, खेल गतिविधियों, साहित्यिक आयोजन तथा नाट आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है और उनकी प्रतिभा सामने आ रही है। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में राजकपूर की 101वीं जयंती के अवसर पर डेज सोसायटी द्वारा तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रीवा में दो वर्षों में हर क्षेत्र में अनेक कार्य हुए हैं। इस कार्यक्रम के आयोजक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने युवाओं को मंच प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि सभी जिंदगी भविष्य से गुजरती है अतः भविष्य के विषय में विचार करना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं का आहवान किया कि नशे से दूर रहकर स्वयं एवं अपने समाज, प्रदेश के विकास में सहभागी बनें। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के आयोजकों को सफलतम आयोजन की शुभकामना दी तथा अपेक्षा की कि इस माध्यमों से युवा आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, रावेन्द्र मिश्रा, जयराम शुक्ल, शांतनु शुक्ल सहित डेज सोसायटी के विजय विश्वकर्मा, तेज प्रताप सिंह, अमित पटेल, अशोक सिंह तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी व स्थानीय जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया।

**महिला बाल विकास में भ्रष्टाचार का कागज में बट रहा पोषण आहार**

# आंगनबाड़ी केंद्रों में लटकते हैं ताले, समूह संचालक एवं जिम्मेदारों के बीच चल रहा खेल

मऊगंज



जिले में महिला बाल विकास के हालात सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं विभागीय अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की अनदेखी से अधिकतर केंद्रों में ताले लटकते रहते हैं। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के नाम पर चल रहे कागजी खेल के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में नाश्ता एवं पोषण आहार भोजन व्यवस्था में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी देखी जा रही है एक और सरकार द्वारा कुपोषण को जड़ से खत्म करने व नौनिहालों को स्वस्थ्य एवं तंदुरुस्त बनाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपए खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से योजना चलाई जा रही है वहीं मुख्यालय से नदारत रहते हुए रीवा शहर सहित अन्य स्थानों में मुख्यालय बनाकर विभाग के ही अधिकारी समूह संचालकों के द्वारा की जा रही अनियमितता की अनदेखी कर सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। जिले में कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र है जो अभी भी कागज में संचालित हो रहे हैं विकास खंड स्तर के अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की तर्ज पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका क्षेत्र में न रहकर शहरों से नौकरी कर रहे हैं।हालात कुछ इस कदर है कि विभाग के जिम्मेदारों द्वारा व्यवस्था सुधार हेतु मॉनिटरिंग का कार्य सिर्फ कागज तक सीमित रह गया है जिसका नतीजा यह है कि महिला बाल विकास के अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को यह तक पता नहीं कि हमारे क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं या नहीं, इतना ही नहीं कई स्थानों पर तो हालात ऐसे हैं कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद है लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया जाता है कि शासकीय भवन की बजाय फला व्यक्ति के घर में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा दिए गए इस तरह के उत्तर साबित करते हैं कि शासन द्वारा इतनी बड़ी पूंजी लगाकर आंगनवाड़ी भवन बनाया गया जिसका उपयोग गांव के कुछ लोग या तो पशुओं को बांधने के लिए कर रहे हैं या फिर रखरखाव के अभाव में भवन खंडहर हो रहे हैं।

### पोषण आहार सुविधा से वंचित हितग्राही

जिले में कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां शासन की योजना अनुसार हितग्राहियों को पोषण आहार वितरित नहीं किया जाता। कुछ इसी तरह का ताजा उदाहरण आंगनबाड़ी केंद्र जायसवाल टोला भीर में एक पखवाड़ा पूर्व देखने को मिला था कुछ इसी तरह का नजारा आंगनबाड़ी केंद्र हरिजन बस्ती क्रमांक 3 डिहिया में देखने को मिला, जहां आरोप है कि गांव की महिलाओं किशोरियों एवं बच्चों को बीते कई वर्षों से शासन द्वारा प्रदाय किया जाने वाला पोषण आहार का वितरण नहीं किया गया। गांव की निवासी सरोज साकेत एवं चमीलुन्निशा जैसी महिलाओं ने बताया आंगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिका बसाहट में कभी भी नहीं आती, बीते वर्षों से किसी को भी शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली पोषण सामग्री एवं बच्चों को भोजन नहीं मिला। ग्रामीण जनता द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में जब संबंधी क्षेत्र के सुपरवाइजर से बात की गई तो उन्होंने कहा आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित स्थान से एक किलोमीटर दूर दूसरी बसाहट में लगती है। आंगनवाड़ी भवन में संचालन हेतु निर्देश दिए जाएंगे। विभाग द्वारा निकट भविष्य में आंगनबाड़ी भवन में केंद्र संचालन हेतु निर्देश देने का आश्वासन तो दिया गया लेकिन यहां सबसे बड़ी बात यह है कि विभाग को ही इससे पहले यह पता नहीं की शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली योजना क्षेत्र की महिलाओं किशोरियों एवं नौनिहालों को नहीं मिल रही है। गांव के हितग्राहियों को महिला बाल विकास की योजना का लाभ ना मिलना यह साबित करता है कि जिम्मेदारों द्वारा केंद्रों का सिर्फ कागज में निरीक्षण चल रहा है जिसके कारण हितग्राही योजना से वंचित है।

### आंगनबाड़ी केंद्र मे बांधी जाती है बकरियां

परियोजना कार्यालय नईगढ़ी से महज 1 किलोमीटर दूर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र डिहिया हरिजन बस्ती क्रमांक 3 का भवन बीते कई वर्षों पूर्व बनवाया गया था लेकिन आज तक युक्त भवन में महिला बाल विकास के अधिकारियों द्वारा केंद्र का संचालन नहीं कराया गया। जिसका परिणाम रहा की शासन द्वारा निर्मित कराए गए आंगनबाड़ी केंद्र के भवन में गांव के ही कुछ लोगों द्वारा डेरा रख लिया गया है बकरियां बांधी जाती हैं। भवन के आसपास घास फूस का अंबार लगा हुआ है लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने यह पता करना उचित नहीं समझा कि हमारे क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र एवं केंद्र संचालन हेतु बनावाए गए भवनों के हालात किस तरह हैं। शायद यही सबसे बड़ा कारण है कि मॉनिटरिंग के अभाव में महिला बाल विकास की स्थिति अत्यंत खराब है। जबकि मॉनिटरिंग के नाम पर हर माह बिल बनाया जा रहा है।

# रानीतालाब सहित कई इलाकों से हटाया गया अतिक्रमण



रीवा

नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके। नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने रानीतालाब क्षेत्र में सड़क पटरी पर अवैध रूप से सजाई गई दुकानों को सख्ती के साथ हटाया। सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा था, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के दौरान रानीतालाब के सामने स्थित पूरे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सामान जब्ती के साथ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा संजय गांधी अस्पताल गेट के पास लगे ठेलों को हटाया गया, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। वहीं धोबिया टंकी से जिला अस्पताल तक सड़क पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए यातायात को पुनः बहाल कराया गया। इसी तरह जय स्तंभ से अस्पताल चौराहा तक अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस मार्ग पर लंबे समय से अतिक्रमण के चलते यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे निगम की कार्रवाई के बाद सुचारु किया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण सहायक सहित नगर निगम का अतिक्रमण दल मौके पर मौजूद रहा और पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई।